मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भूपदेवपुर, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ में प्रस्तावित कोल क्रसिंग यूनिट 0.90 एम.टी.पी.ए. से कोल बेनिफिकेशन यूनिट 0.90 एम.टी.पी.ए. हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई दिनांक 13.01.2016 का कार्यवाही विवरण :–

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार, मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ग्राम–भूपदेवपुर, तहसील–खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल क्रसिंग यूनिट 0.90 एम.टी.पी.ए. से कोल बेनिफिकेशन यूनिट 0.90 एम.टी.पी.ए. की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 13.01.2016 को स्थान–विमला साइडिंग के गेट के सामने का मैदान ग्राम–भूपदेवपुर, तहसील खरसिया, जिला–रायगढ़ में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायगढ, की अध्यक्षता में लोकसुनवाई प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ की गई। लोक सुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), खरसिया तथा क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ उपस्थित थे। लोक सुनवाई में आसपास के ग्रामवासी तथा रायगढ़ के नागरिकों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम पीठासीन अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रभावित परिवारों, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, एन.जी.ओ. के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि तथा इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मिडिया के लोगो का स्वागत करते हुये जन सुनवाई के संबंध में आम जनता को संक्षिप्त में जानकारी देने हेतु क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी को निर्देशित किया। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन दिनांक 14.09.06 के प्रावधानो की जानकारी दी गयी। पीठासीन अधिकारी द्वारा कंपनी के प्रोजेक्ट हेड तथा पर्यावरण सलाहकार को प्रोजेक्ट की जानकारी, पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव, रोकथाम के उपाय तथा आवश्यक मुद्दे से आप जनता को विस्तार से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

उद्योग प्रतिनिधि द्वारा परियोजना के प्रस्तुतीकरण से प्रांरभ हुई। सर्वप्रथम उद्योग की ओर से कंपनी के पर्यावरण सलाहकार श्री सुधीर सिंह ने यह ड्राई वाशरी को लगाये जाने की जानकारी दी। परियोजना की लागत 9.75 करोड़ है, 45 घनमीटर पानी की प्रतिदिन आवश्यकता होगी यह पानी भू–जल स्त्रोत से लिया जायेगा। 10 कि.मी के परिधि क्षेत्र में वेट लेन्ड, रिर्जव बायोसफियर नहीं है। इस क्षेत्र में वायु गुणवत्ता का अध्ययन किया गया है। जो मानक के अंतर्गत है। ध्वनि गुणवत्ता भी सीमा के अंदर है। जल नमुना 10 जगहों से लिया गया धात्विक एवं मेटल प्रदूषण नही पाया गया। महुआ, तेंदू, साजा आदि प्रजाति के पौधो पाये गये। कोई जन्तु प्रजाति विलुप्त नहीं है। बंद शेड में उत्पादन होने से, ध्वनि निरोधक का उपयोग होने से ध्वनि प्रदूषण नहीं होगा। 34.2 प्रतिशत भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा। ईयर पल्ग दिया जायेगा। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु बैग फिल्टर लगाया जायेगा। चिमनी की ऊॅचाई सी.पी.सी.बी. के मानदण्ड अनुसार रखी जावेगी। रोड़ पक्की बनाई जायेगी। औद्योगिक दूषित जल का उत्सर्जन नहीं होगा। घरेलू दूषित जल के लिए सैप्टीक टैंक एवं सोकपिट बनाये जायेंगे। परियोजना से ठोस अपशिष्ट का उत्सर्जन नहीं होगा। उत्पन्न शेल्स एवं पत्थर को सड़क एवं भू–भराव में उपयोग किया जायेगा। 4 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा। कुछ मात्राा कर लिया गया है। हरित पट्टिका का निर्माण किया जायेगा। 11.89 एकड़ भूमि उपलब्ध है। संचालन के बाद प्रत्यक्ष रूप से 50 लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सामुदायिक विकास कार्यक्रम सी.एस.आर. योजना के अंतर्गत आस–पास के विकास योजनाओं के लिए कुछ राशि की व्यवस्था की जायेगी। जो शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधित के लिए पर्यावरण सुरक्षा के लिए होगी इस ई.आई.ए. रिपोर्ट में बना कर रखी गई है। पर्यावरण प्रबंधन नियम व कानून का पालन किया जायेगा। प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था, जल की आवश्यकता,

ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, स्थानीय लोगों को रोजगार, सामुदायिक विकास कार्य आदि के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी।

तदोपरांत पीठासीन अधिकारी द्वारा परियोजना से प्रभावित ग्रामीणजनों/परिवार, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, एन.जी.ओ. के पदाधिकारियों, समुदायिक संस्थानों, पत्रकारगणों तथा जन सामान्य से अनुरोध किया कि वे परियोजना के पर्यावरणीय प्रभाव, जनहित से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर अपना सुझाव, विचार, आपत्तियां अन्य कोई तथ्य लिखित या मौखिक में प्रस्तुत करना चाहते है तो सादर आमंत्रित है। यहा सम्पूर्ण कार्यवाही की विडियोग्राफी कराई जा रही है आपके द्वारा रखे गये तथ्यों, वक्तव्यों/बातों के अभिलेखन की कार्यवाही की जायेगी जिसे अंत में पढ़कर सुनाया जायेगा तथा आपसे प्राप्त सुझाव, आपत्ति तथा ज्वलंत मुद्दों पर प्रोजेक्ट हेड तथा पर्यावरण सलाहकार द्वारा बिन्दुवार तथ्यात्मक स्पष्टीकरण भी दिया जायेगा। सम्पूर्ण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जायेगी, पुनः अनुरोध किया कि आप जो भी विचार, सुझाव, आपत्ति रखे संक्षिप्त, सारगर्भित तथा तथ्यात्मक रखें ताकि सभी कोई सुनवाई का पर्याप्त अवसर मिले तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने का अनुरोध किया गया। लोक सुनवाई में लगभग 1500 लोगो का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 25 लोगों ने हस्ताक्षर किये। इसके उपरांत उपस्थित जन समुदाय से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणी आमंत्रित की गयी, जो निम्नानुसार है –

सर्वश्री –

1. मिथलेश कुमार डनसेना, किरितमाल – मैं समर्थन करता हूँ। मेरा कोई आपत्ति नहीं है।
2. प्रदीप पटेल, भूपदेवपुर – जनसुनवाई का मैं समर्थन करता हूँ।
3. गोपीनाथ डनसेना, राजपुर – मैं समर्थन करता हूँ।
4. कौशल, भूपदेवपुर – कोलवाशरी का मैं समर्थन करता हूँ।
5. गौरी मंहत, किरितमाल – मैं समर्थन करता हूँ।
6. दीनानाथ साहू, – मैं समर्थन करता हूँ।
7. चन्द्रशेखर पटेल, भूपदेवपुर – जो विमला सईडिंग उद्योग खुला है सुविधा दिया जा रहा है और हम फायदा उठा रहे है कंपनी द्वारा मदद दी जाती है मैं कोलवाशरी का समर्थन करता हूँ।
8. धरमसाय यादव, भूपदेवपुर – मुझे कोई आपत्ति नहीं है।
9. कचराबाई, किरितमाल – मैं समर्थन करती हूँ।
10. भगवती सिदार, किरितमाल – मैं समर्थन करती हूँ।
11. पप्पु नायक ,भूपदेवपुर – कोलवाशरी का मैं समर्थन करता हूँ।
12. भामा नायक, भूपदेवपुर – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
13. शांतिमति चौहान, किरितमाल, – कुछ नहीं बोली।
14. रश्मि बाई, कोड़तराई – कुछ नहीं बोली।
15. जवाहर लाल साहू, चिरईपानी – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ
16. लम्बोदर, कोड़तराई – कंपनी में कार्यरत् हूँ। मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ
17. बेदमति, किरितमाल – मैं कोल वाशरी का समर्थन करती हूँ
18. गोकुल दास मौर्य, रायगढ़ – कोलवाशरी में नौकरी करता हूँ। अधिकारी सही है, छुट्टी मांगता हूँ तो मिल जाता है पैसा सही से देता है। मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ
19. लक्ष्मी सिदार, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करती हूँ।
20. अम्बीबाई, बिलासपुर – साईडिंग बनाना चाहिए।
21. गंगा यादव, दर्री – मैं कोल वाशरी का समर्थन करती हूँ।
22. फुलसाय कर्ष, जांजगीर चाम्पा, – हमें रोजगार का साधन मिलता है। इसलिये मैं कोल वाशरी का समर्थन करती हूँ।
23. राजेन्द्र, भुपदेवपुर – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।

24. चन्द्रभान चौहान, भूपदेवपुर – मैं कोल क्रशिंग स्थापना का समर्थन करता हूँ।
25. रामेश्वर यादव, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी स्थापना का समर्थन करता हूँ।
26. मन्नुराम साहू, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
27. रामसिंह यादव, कुरूभाठा – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
28. महेन्द्र गुप्ता, भुपदेवपुर – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
29. हेमंत पटेल, बिलासपुर, – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
30. उमेश कुमार, भुपदेवपुर – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
31. महेश विश्वकर्मा, – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
32. दीपक चौहान, किरितमाल – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
33. बाबूलाल, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
34. नरेन्द्र कुमार, भुपदेवपुर – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
35. शनिराम, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
36. कमल मंहत, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
37. महंत कुमार बरेठ, नवापारा – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
38. जगन्नाथ सारथी, कोड़तराई – मैं कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
39. जयंत बहिदार, जन संघर्ष मोर्चा, रायगढ़ – 0.90 लाख टन प्रतिवर्ष कोयला धुलाई के इस परियोजना को मंजुरी देने के लिए लोकसुनवाई कर रहे है, लोकसुनवाई की प्रक्रिया का पुरी होने के बाद भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से मंजुरी मिलने के बाद, फिर राज्य सरकार के अनुशंसा के बाद, पर्यावरण विभाग के सम्मति के बाद निर्माण होता है, फिर पर्यावरण विभाग उत्पादन सम्मति देता है। उसके बाद परियोजना का उत्पादन इकाई प्रारंभ हो सकता है। बड़ी दुःख की बात है कि हमारा प्रसाशन सोया हुआ है ओर इस प्राईवेट कंपनी ने कोल वाशरी यूनिट को लगा लिया है, निर्माण कर लिया है कोल वाशरी से उत्पादन भी प्रारम्भ पिछले पांच वर्षो से है उसके बाद भी पर्यावरण विभाग को, उद्योग विभाग को, प्रसाशन को जानकारी न होना बड़ी दुःख की बात है। भारत सरकार के 2006 में रेल्वे साईडिंग के लिये अनुमति दिया। स्पंज आयरन कोयला आदि का वार्षिक क्षमता 24 लाख 6000 टन का होगा। पर्यावरण विभाग ने 55 लाख टन वार्षिक क्षमता का कोल क्रशर का अनुमति दे दिया। बिना अध्ययन के बाद बिना जानकारी के बाद रेल्वे साईडिंग के लिए अनुमति दिया। जब रेल्वे ने इसकी क्षमता दुगुनी नहीं की है तो हमारे पर्यावरण विभाग को जरूरत क्या थी। रेल्वें ने रेल्वे साईडिंग के लिये अनुमति दिया। छ.ग. सरकार के खनिज विभाग ने कोल भण्डारण नियम 2008–09 के तहत् खनिज भण्डारण के लिए अनुमति दिया। जिसमें कोयला के लिए अलग, बाक्साइड, मेगनिज के लिए अलग–अलग भण्डारण अनुज्ञप्ति दिया। खनिज भण्डारण छ.ग. का जो नियम है उसके तहत् खनिज को भण्डरण के लिए अनुमति दिया है वह तार से या ईट के दिवाल से घेरा होना चाहिए। उसमे यह स्वीकृत हो कि वहां इसके अलवा दूसरा खनिज भण्डारण नहीं होना चाहिए। केवल एक ही बाउण्ड्री है। खनिज के लिए अलग–अलग बाउण्ड्री नहीं बनाया है। विमला कंपनी के द्वारा एक नया चीज देखने को मिल रहा है ड्राई कोल वाशरी का जो सुखा कोल क्रशींग है यह कोल क्रशिंग मशीन है जो ज्वाईंट प्रोजेक्ट है, जो पिछले 05 साल से चल रहा है। जब अनुमति नहीं लिये तो चालू क्यों किये। हमारा खनिज विभाग, पर्यावरण विभाग, शासन क्या कर रही थी। 05 साल से सूखा ड्राई का कोयला चलाते रहे, लाखो टन व्यापार किये उद्योगों ने रेल गाड़ी से भेजे तो चेकिंग क्यों नहीं किया, चेकिंग की गलती पकड़ा तो कार्यवाही नहीं की। कोलवाशरी का प्रोजेक्ट गैर कानुनी ढंग से चल रहा है और इनको जानकारी न हो यह परियोजना के लिये जो सुनवाई हो रही है वह गैर कानुनी है। परियोजना तो पहले से निर्माणाधीन है तो किस लिये जनसुनवाई कर रहे है, उस पर कार्यवाही करनी चाहिए।

रेल्वे साईडिंग को कोयला क्रशर को कोल वाशरी को हमारा यह मांग है कि कलेक्टर को, पर्यावरण विभाग को 02–03 दिन पहले बात रखे है उनके द्वारा आश्वासन दिया है कि हम उसकी कार्यवाही करेंगे और शासन को भेजेंगे। उम्मीद करते है कि उनके द्वारा जो आश्वासन दिया है उस पर कार्यवाही करेंगे। कहीं नहीं देखा है कि रेल्वें साईडिंग में कोलवाशरी लगा है, जब मशीन चलता है तो धुल उड़ती है, प्रोजेक्ट रिपोट में बताया है कि 45 घनमीटर पानी रोजाना उपयोग करेंगे जिसमे 05 घनमीटर घरेलू उपयोग में और 40 घनमीटर कोयला धोवन में उपयोग करेंगे। गंदा पानी का उत्सर्जन नहीं करेंगे, वही शोकपीट बनायेंगे कंपनी पर जॉच करें की कितने शोकपीट है और कितने तालाब है। गांव वालों को झुठा आश्वासन दिया की गंदा पानी तालाब में निस्सारण नहीं करेंगे। आस–पास के सभी गांव में बरसात का पानी जिनका कोयला, खनिज रसायनयुक्त पानी जो हानिकारक है वह सब बहकर हजारो एकड़ फसल बर्बाद करती है। गांव वालों को शांत करने के लिये मुआवजा भी दिया गया है, अगर नुकसान नहीं हुआ तो मुआवजा क्यों दिया। जब मशीन चलती है तो ध्वनि व वायु प्रदूषण भी पैदा करती है। आस–पास के 10 किलोमीटर तक डस्ट और खनिज युक्त धुल इनके क्षेत्र में फैल रहा है। किसानों ने बताया है कि जो सब्जी होता था वह भी बंद हो गया है, लोगो का जीना भी मुश्किल हो गया है। जॉच कराने के बाद सभी के फेफड़ों में काला कोयला होगा, पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। कंपनी ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट को जानबुझकर मनगढत बनाया है। पर्यावरण रिपोर्ट में इन्होनें सिंघनपुर का एतिहासिक शैलचित्रों का भी वर्णन नहीं किया है। इस ई.आई.ए. रिपोर्ट में रामझरना एवं नवोदय विद्यालय का भी वर्णन नहीं किया है। परियोजना रिपोर्ट झूठ पर आधारित है, जिससे पर्यावरण विभाग अंजान बना हुआ है। यह जनसुनवाई अवैध है, यह परियोजना पहले से चालू है उम्मीद है कि आप जॉच करायेंगे। पत्रकारो और बाहरी फोटोग्राफरों को यहा अनुमति नहीं दी गई है, जिससे वह विडियोग्राफी नहीं कर सके। ई.आई.ए. का जो नियम है उसका पालन नहीं किया जा रहा है, इसलिये इस लोकसुनवाई को रद्द कराया जाये तथा कंपनी का जॉच कराया जाये।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि किसी भी मिडिया वाले को मनाही नहीं है कोई भी विडियोग्राफी कर सकता है। लोकसुनवाई की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है।

40. राधेश्याम शर्मा, जन जागरण मंच रायगढ़ – मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. कंपनी का मैं पूर्णतः विरोध करता हूँ। यहां जो अवैधानिक जनसुनवाई हो रही है यह अवैध है और इस जनसुनवाई को यही पर विराम दिया जाये। किसी भी कंपनी के द्वारा उसके पूरे यूनिट को तैयार कर लेना उत्पादन लेते रहना यह बिना जिला प्रसाशन के सहयोग असंभव है। प्रशासनीक अमला उद्योगों को समर्थन करती है। ये निर्विवाद रूप से पूरे भारत वर्ष में देखने को मिलता है। जनसुनवाई का नाटक हिन्दुस्तान में बंद होना चाहिए हमारे प्रशासनीक अधिकारी, कर्मचारियों का इससे समय जाया होता है और आम नागरीको का इससे समय जाया होता है। आज तक के हिन्दुस्तान के इतिहास में अगर एक लाख भी विरोध में किसी जनसुनवाई में आपत्ति आई है समर्थन में एक भी नहीं आया है फिर भी उसको अनुमति मिली है। इसका मतलब है देश के आम नागरिकों को गुमराह किया जा रहा है, प्रशासनीक अमले का दुरूपयोग किया जा रहा है। संविधान का परिपालन कही पर नहीं हो रहा है। इन परिस्थितियों में जनसुनवाई की जो औपचारिकता है वो समाप्त होनी चाहिए। हमारे देश में संविधान का परिपालन कही पर नहीं हो रहा है जंगल राज है और जब जंगल राज है ओर जब कोई भी आदमी आदमी कही भी फैक्ट्री लगा सकता है उत्पादन कर सकता है तो इस नाटक पर पूर्ण से प्रतिबंध लगना चाहिए, और मैं रायगढ़ जिले के प्रशासनीक अधिकारियों से पत्रकार बंधुओं से निवेदन करूंगा कि इस बात को भारत के संविधान तक पहुचाये और इस

संविधान मे बैठे हुए हमारे जनप्रतिनिधि उन तक पहुचाये और इस कानून में संशोधन करे क्योंकि जब जनसुनवाई का महत्व ही नहीं है तो यह फिर नाटक क्यों? मैं इस बात पर अपनी आपत्ति दर्ज करता हूँ कि खरसिया क्षेत्र भूपदेवपुर क्षेत्र जो है वो अनुसुचित क्षेत्र है। मान्नीय जिला दण्डाधिकारी महोदय और प्रशासनिक अधिकारी प्रबुद्ध वर्ग समझ रहे है कि अनुसुचित क्षेत्र का क्या तात्पर्य है? क्या रेल्वे मंत्रालय ने कोल साईडिंग के लिए अनुमति दिया उचित है कोल साईडिंग की अनुमति खरीदी कर लाई गई है। रेल मंत्रालय में बैठा हुआ जो भी सचिव रहा है या जो अधिकारी रहे है वो भ्रष्ट रहे है। इसलिये इस कोल साईडिंग की अनुमति मिली है और इसकी नहीं जो भी रेल्वे ट्रैक जहा आम आदमियों का रेल के माध्यम से आवागमन है वहां प्रदूषण फैलाने की अनुमति किसी भी कंपनी को नहीं दी जानी थी। परन्तु देश का दुर्भाग्य कि अब तक जितने साइडिंग है माईन्स है वो रेल्वे ट्रेक के किनारे पर है। इन्हें कम से कम 10 किमी. दूर होना चाहिए और पूरी तरह से कवर्ड होना चाहिए। ताकि वहा के प्रदूषण और उपचार के सारे साधन हो सके। तो कोल साईडिंग के लिये अनुमति रेल्वे ने दी है जो अनुचित है। मैं जिला प्रशासन से ये अनुरोध करूंगा कि इस जन सुनवाई के पश्चात् रेल्वें मंत्रालय को लिखे और अपनी अंर्तभूत शक्ति के तहत् कल की तारीख से वहा कोयले का भण्डारण और साईडिंग की जो व्यवस्था है उसको बंद करे। यह मान्नीय जिला दण्डाधिकारी के कार्य क्षेत्र में है। पर्यावरण विभाग ने अगर अनुमति दिया इसके पूर्व 2008 में रेल्वें मंत्रालय ने तो दिया ही दिया पर्यावरण ने भी अनुमति दे दी। पर्यावरण विभाग ने क्यों अनुमति दे दी कैसे अनुमति दे दी जिला प्रसाशन के उस समय अधिकारी क्या चंद रूपयों के लिए आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करने के लिए अनुमति दे दिये। यह रेल मार्ग कलकत्ता से मुम्बई के लिये मेन रूट है जिसमें प्रतिदिन यात्री गाड़ियां चलती है और हमारे देश के आम नागरिक इस पर यात्रा करते है और इस कोल साईडिंग में जो प्रदूषण फैल रहा है वे उसे गावं में जाकर के आप सामान्य नजर से देखेंगे तो पता लग जायेगा की प्रदूषण का स्तर क्या है? उसके बावजूद पूरी परियोजना कम्प्लीट हो गई और आज जनसुनवाई हो रहा है। इससे लगता है हमारे जिले में प्रशासनिक अमला पूर्णतः उद्योग को समर्थन करने में लगा हुआ है नही ंतो आज की तारीख में उद्योग प्रबंधन के जो आला अधिकारी और उनके मालिकांत थे उन्हे हथकड़ी लगी होती और जेल के अंदर होते। आपको व्यवसाय करने का सबको अधिकार है किसी के जीवन से खिलवाड़ करने का अधिकार किसने दिया? मैं पर्यावरण विभाग से हमारे शर्मा साहब से करबद्ध प्रार्थना करूंगा कि इस क्षेत्र के किसानो का, इस क्षेत्र में रहवासियो का, यहा के जंगली जीव–जन्तुओं का इनकी रक्षा के लिए पूर्व में जो केन्द्र सरकार ने अनुमति दी थी और जिला प्रशासन के पर्यावरण विभाग ने जो अनुमति दी थी उसे तुरंत रद्द करें और कोल साईडिंग के लिये वास्तविक में जो स्थान होना चाहिए उसके तो मापदण्ड निर्धारित है। भूपदेवपुर गांव से सटा हुआ है 100 मीअर के दायरे में है एक क्रशर भी लगता है तो उसको 300 मीटर की दूरी या निर्धारित मापदण्ड और कानून बना हुआ है उसके बाद भी 100 मीटर की दूरी में यह कंपनी एक लंबे समय से कोयला क्रस कर रही है। और उसमें का प्रदूषित पानी आस–पास के ग्रामीण किसानो के भूमि को नुकसान पहुचाई है जिसमें कंपनी प्रबंधन द्वारा मुआवजा दिया गया है। दो–चार हमारे जागरूक नागरिकों को मैं धन्यवाद करता हूँ की वो लोग अपने दम से ये बात प्रशासन के समक्ष लाये और उस समय के मान्नीय एस.डी.एम. साहब ने ध्यान दिया और मुआवजा दिलवाया और मुआवजा दिलवाना माने नियमों का उल्लघन किये जाने के बाद ही तो कोई मुआवजा देगा। किसी कंपनी ने नियमों का उल्लंघन किया वो दंड का भागी था, मुआवजा तो नुकसान की क्षतिपूर्ति था। अगर उस समय प्रदूषण फैलाया और मुआवजा दिया तो अपराध को पुष्टि करता है। जीवन जीने की हड़बड़ी

नहीं है किसी को मरने की हड़बड़ी पूरे दुनिया को लगी हुई है। कैसे मरना है, जल्दी मरना है उसके लिये सारे इंतजमात हमारे जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी करने में लगे हुए है और साथ ही हम जनता भी साथ दे रहे है। मैं जनता को दोषी मानूंगा एक आदमी जानता है कि प्रदूषण फैल रहा है माने नियम का उल्लंघन हो रहा है तत्काल अपराध पंजीबद्ध होना चाहिए। और ग्रामीण जब सोच रहे है कि मेरा बच्चा मेरा परिवार प्रभावित हो रहा है तो लट्ठी लेकर के खड़े हो जाना चाहिए। एक फैक्ट्री इतनी बड़ी दादागिरी नहीं कर सकता। और दादागिरी कर रहा है तो तोड़िये हाथ–पैर उसका अगर ऐसी स्थिति आ गई है अपने परिवार की जान माल की रक्षा करनी है अपने गांव को बचाना है जनजीवन को उजड़ने से बचाना है तो लट्ठी मारिये, मौत के घाट उतार दीजिए राधेश्याम शर्मा उसके लिये जेल जाने के लिये तैयार है और सजा भुगतने को भी तैयार है मैं इस मंच पे इसलिये बोल रहा हूॅ कि हिन्दुस्तान में जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो इस कंपनी को रोकने के लिये प्रशासन भी विफल हो गया है, हमारे जन प्रतिनिधि भी विफल हो गये है तो मैं ग्रामीणों से आहवान करता हूॅ इस क्षेत्र की जनता से प्राथना करता हूॅ कि अपनी वो रक्षा करे। कोई कानून का उल्लंघन करेगा, आम जनजीवन को नुकसान पहुचायेगा तो मैं मेरे में जीतना बल होगा विरोध करूंगा। मान्नीय महोदय ये जो कंपनी मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसका ई. आई.ए. रिपोर्ट तैयार करने वाली जो कंसल्टेंट कंपनी वो कंसल्टेंट कंपनी इस क्षेत्र की जनता को रायगढ़ जिले की जनता को, रायगढ़ जिले के प्रशासनिक अधिकारीयों को, जन प्रतिनिधियों को गुमराह की है। बिलासपुर जलाशय बहुत पहले से है और ई.आई.ए. रिपोर्ट में उसका उल्लेख नहीं है तो इतना बड़ा जलाशय को जो गायब कर दिया हो अपनी रिपोर्ट में पूरा तत्व के महत्व से संबंधित सिंघनपुर गुफा जो है वो हमारे पुरातत्व विभाग के अधिन है प्रदूषण से वो नष्ट होगा। जलाशय का पानी तथा जननीवन को नुकसान होगा तो ये दो महत्वपूर्ण बिन्दु को छुपाया गया है। तो जिस ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर जो जनसुनवाई हो रही है वो भ्रामक है त्रुटिपूर्ण है। जालसाजी से तैयार किया गया है तो इस पर कंपनी प्रबंधन के ऊपर और उस कन्सलटेंट कंपनी के ऊपर तत्काल अपराध पंजीबद्ध हो मै पुलिस के आला अधिकारी जो यहा पर उपस्थित है उनसे निवेदन करूंगा कि ये जो सामुहिक धोखादड़ी हुई है, सामुहिक जो 420 हुई है इस पर इस जिला प्रशासन के मंच से मै उन्हे अवगत करा रहा हूॅ इस पर वे सज्ञानले और अपराधिक प्रकरण दर्ज करे। अगर ई.आई.ए. रिपोर्ट ही भ्रामक है, त्रुटिपूर्ण है तो उस पर जनसुनवाई कैसे हो सकता है? जिसमें डेम गायब हो, स्कूल गायब हो, बस्ती गायब हो, दूरियों का जो उल्लेख है वो गलत है हमारे जिले में कोल बेयरिंग एरिया है छाल कोल बेयरिंग एरिया जो है उसकी जो दूरी दर्शायी गई है जो 36 कि.मी. की दूरी दर्शाई गई है। 36 किलोमीटर का जो दायरा बताया गया है ई.आई.ए. रिपोर्ट में ऐयर डिस्टेंस को मापा जाता है। और हमारा यह दुखद विषय है कि पूर्व में जो एस.डी.एम. महोदय रहे है उन्होने यह रिपोर्ट जिला प्रशासन को दिया है जो 36 किलोमीटर का एरिया है वो पथ अवलोकन करने से पता लगेगा परन्तु जो कंसलटेंट कम्पनी है वो अलग–अलग मौसमों में जल, वायु और मिट्टी का सेम्पल लेती है उसका परीक्षण करती है यहा सिर्फ टेबल वर्क हुआ है कंसल्टेंट कंपनी ने टेबल पर बैठकर आकड़ा बना दिया कि जल प्रदूषण का ये स्तर है, वायु प्रदूषण का ये स्तर है क्यों कि जहां डेम गायब हो जाये, स्कूल गायब हो जाये, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गायब हो जाये, रहवासी क्षेत्र न दिखे, जल स्त्रोत न दिखे जो कि पर्यावरण नियमो के अंतर्गत ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाते समय जो विधि का निर्धारण किया गया है उसमें प्राकृतिक जल स्त्रोंतो के अलावा मनुष्य के पास जो निर्मित जल स्त्रोत है, जो भण्डारण है उनका भी उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। अगर यह क्षेत्र अनुसुचित क्षेत्र है तो बिना राष्ट्रपति के अनुमति के बिना

कुछ नही होना चाहिए। न तो यहा केन्द्रीय मंत्रालय को अनुमति देने का अधिकार है न यहा पर्यावरण मंत्रालय को अनुमति देने का अधिकार है। क्योंकि संविधान के जो पॉचवीं–छठवीं अनुसुची में जो क्षेत्र आते है वहा का निती निर्धारण मान्नीय महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा होता है और उसकी अंतिम कड़ी हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि गांव में जो होते है सरपंच और ग्राम सभा को होती है तो ग्रामसभा के बिना अनुमति के पूर्व कैसे हमारे पर्यावरण विभाग ने इस कोल साईडिंग के लिये अनुमति दी इस क्रशर मशीन को चालु करने की कैसे अनुमति दी अगर यह भूल जिन अधिकारियों से हुइ है या जानबूझ करके किया गया है तो उसको रद्द किया जाना चाहिए। यहा कोल साईडिंग के लिये विधिवत ग्राम सभा की अनुमति लेनी थी जिसमें समस्त ग्रामवासी अपनी सहमती देते अपने लाभ और नुकसान को समझ लेते और ग्राम सभा की अनुमति के पश्चात् पर्यावरण विभाग को यहा कोल क्रस करने का या डंप करने का अनुमति देना था। यह अनुमति जो दिया गया वह अनुमति अवैधानिक है, गैर कानूनी है संविधान में प्रदत्त ग्राम और ग्राम सभा की शक्ति हम लोग छ.ग. में आये और हम लोग बहुत पिछड़े हुए है हमारे ग्रामीण अंचल की जो सरकार है यह दुखद पहलु है कि मेरे भाई, मेरे मित्र, मेरी माताये उन सभाओं के प्रतिनिधि है अगर वो अपने स्तर पर यह निर्णय ले लेते कि हमारे गावं में यह उद्योग लगना है कि नहीं लगना है तो बात आज इनती बुरी तक नहीं आती। एक सरपंच का अधिकार या उसके भौगोलिक क्षेत्र में राष्ट्रपति महोदय को भी दखल देने का अधिकार नहीं है, ग्राम पंचायत की जो शक्ति है उसमें मान्नीय उच्चतम न्यायालय भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते वो इतना ताकतवर है परन्तु देश की जो स्थिति है लगता है हम अभी भी गुलामी कि जीवन जी रहे है और हमे जानबुझ करके एक रणनीति के तहत हमारे संविधान के बारे में जानकारी नहीं दिया गया है कि गांव का वहा के चुने हुए प्रतिनिधि का अधिकार क्या है आज जनसुनवाई हो जायेगी और हमस ब जितने आदमी है वो अपनी घोर आपत्ति दर्ज करेंगे उसके बाद भी जनसुनवाई को मान्य कर दिया जायेगा, पर्यावरण मंत्रालय में बैठे भ्रष्ट लोग उसको अनुमति दे देंगें तो इसका क्या मतलब हुआ। इसका मतलब ये हुआ की संविधान का परिपालन कही नहीं हो रहा है। तो मै प्रशासन से पुनः आग्रह करूंगा कि ऐसी दशा में जिस कंपनी ने 420 कर अपने कंसलटेंट कंपनी के द्वारा बिलासपुर जलाशय को गायब कर दिया हो, सिंघनपुर गुफा को नहीं दर्शाया हो ऐसे कंसल्टेंट कंपनी के ऊपर में फर्जी दस्तावेज तैयार करने, उसे जनता के बीच ले जाने, जनता को गुमराह करने, जनता और प्रशासन के साथ धोखादड़ी करने का अपराध पंजीबद्ध किया जाये ओर आज की जनसुनवाई को मान्नीय जिला दण्डाधिकारी से मैं निवेदन करूंगा कि संविधान का सम्मान करते हुये अपनु अंर्तभुत शक्तियों के तहत इस जनसुनवाई को यही पर निरस्त करें। क्योंकि जिस ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर जनसुनवाई हो रही है जनता को जो जानकारी दी गई है वह आज पुरे जनता के सामने प्रमाणित हो चुकी है कि वह त्रुटिपूर्ण है, भ्रामक है फर्जी दस्तावेज है तो इसी वक्त मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय उस पर अपराघ पंजीबद्ध करे और इस जनसुनवाई को यही पर स्थगित करें, क्यो कि आज की तारीख में जनसुनवाई चलती है तो उस 420 की धोखाधड़ी में मै मान्नीय पीठासीन अधिकारी को भी दोषी मानूंगा, उनका सहभागी मानूंगा और मान्नीय मंत्रालय से जो मेसर्स विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर की जो जनसुनवाई हो रही है वो जनसुनवाई फर्जी ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर हो रही है। तो जिस कंपनी ने इस फर्जी ई.आइ.ए. रिपोर्ट को तेयार किया है, जिस कंपनी ने तैयार करवाया है और यहा उपस्थित अधिकारी जिनकी उपस्थिति में यह फर्जी रिपोर्ट आ गया है उनसे मै विनम्र अपील करूंगा कि वे संज्ञान ले और अपनी अंर्तभुत शक्तियों के तहत अपराध पंजीबद्ध कराने में मद्द करे। और इस जनसुनवाई को यही पर स्थिगित करे। क्योंकि जनसुनवाई आज की तारीख में अगर पूर्ण होती है और

लंबे समय तक सबकी आपत्ति स्वीकार करती है तो यह पीठासीन अधिकारी भी निस्चित रूप से उस कृत्य में, उस अपराध में सम्मिलित माने जायेंगे। ये मैं मानता हूँ। भूपदेवपुर जो गांव है उस गांव के साथ में खाली भूपदेवपुर प्रभावित नहीं हो रहा है। मैं कोड़तराई गांव गया हमारे इस क्षेत्र में पश्चिम दिशा से पूर्व दिशा की ओर हवा ज्यादा बहती है और पूर्व दिशा से पश्चिम दिशा की ओर तो जो भी डस्ट है आगे–पीछे के सभी गांव को प्रभावित करेगी अभी भी भूपदेवपुर गांव के धान को लेकर आइये ओर उसके चावल को निकालिये चावल आपको काला नहीं मिलेगा तो आप जो बोलेंगे मैं मानने को तैयार हो जाऊंगा तो प्रदूषण का असर इस कोल वाशरी का असर इतना गहरा है तो वह धान के फसल पर नहीं पूरे जैव मण्डल पर पड़ रहा है। इस कोल माईन्स के जनसुनवाई का मै विरोध करता हूँ। तथा जिला प्रशासन से मैं अंतिम बार आग्रह करता हूँ की प्रसाशनिक कार्यवाही करते हुए इस जनसुनवाई को यही पर विराम दिया जाये। यह पहला जनसुनवाई नहीं होगा रायगढ़ जिले में जो स्थगित हो जाये और मैं मान्नीय धावड़े साहब से सादर अपेक्षा करूंगा कि आज वो संविधान का परिपालन करते हुये, अपने दायित्व और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये आज की जनसुनवाई को यही पर विराम दें।

41. टिकाराम लहरे, किरितराम – पंच – इस कोल वाशरी के जनसुनवाई रखी गई है उसमें हमारे ग्राम पंचायत किरितमाल से आपत्ति है। किरितमाल 02 किमी. पर है इस साइडिंग से प्रदूषण हो रही है कृषि पर आधारित है। कृषि भूमि बंजर हो रहा है। विमला साईडिंग के द्वारा बड़ा मशीन लगाकर विस्तार करती है तो हम लोगो की भुखे मरने की स्थिति आ जायेगी। गांव की जनसंख्या 1500 से अधिक है। गांव प्रदूषित होगा। प्रदूषित पानी से गांव का भूमि बंजर हो गया है। बरसात का पानी गांव में जाता है तो गांव का जमीन काला हो जाता है। हमें मुआवजा आज तक नहीं मिला। हमें पूर्णतः कोल वाशरी पर आपत्ति है।
42. खगपति पटेल, किरितमाल – समर्थन है।
43. तरूण ठाकुर, खरसिया – यहां बहुत बड़े प्लांट है यहा विरोध करने से कोई फायदा नही है हमे रोजगार मिले हम समर्थन करते है। हम 1000 युवा इस कोलवाशरी का समर्थन में है। खरसिया के बीचो बीच कोयला है जिसका कोई विरोध नहीं करता । गांव का विकास हो, शहर का विकास हो।
44. दीपलाल निराला, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
45. रितेश अग्रवाल, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
46. लक्ष्मी सिदार, किरितलाल – मै कोल वाशरी का समर्थन करता हूँ।
47. गनपद चौहान, रायगढ़ – भुपदेवपुर और बेलारी गांव का व्यक्ति हूँ मेरा पैतृक गांव है। कंपनी का जो तार घेरा गया है उसके बगल में घान खरीदी केन्द्र है। वहां मेरी जमीन है। कंपनी से कितना लाभ मिला और मिलने जा रहा है। कल कोई कंपनी आयेगा जो रोजगार की लालसा में नवजवान कोई बी.ई. किया है, कोई आई.टी.आई किया है और कोई पालिटेक्नीक ये सब रोजगार चाहते है। इससे कितना लाभ मिलेगा यह हम जानते है। इस साईडिंग का मैं पूर्व में ही विरोध करता हूँ यहां वाशरी खोला जा रहा है। सब तो बाहर से आ रहा है कोई पंजाब से, कोई राजस्थान से तो कोई हरियाणा से लेकिन यहां के कितने लोगो को रोजगार मिला बाहर वालो को ही रोजगार मिलता है। हम अपने जमीन में घर भी नहीं बना सकते क्योकि परिवार को प्रदूषण से दो–चार होने नहीं देना चाहते। मैं इस कंपनी का पुरजोर विरोध करता हूँ। ई.आई.ए. रिपोर्ट पढ़ा हूँ। इस कंपनी के आने से जल की धारा प्रदूषित होगी। बिलासपुर जलाशय के पानी को रोककर डेम बनाया गया है। उससे कृषि होती है। फसल लहलाहते है। दोहरी फसल होती है। कंपनी के आने से जो कोयला का डस्ट आयेगा सब खेती बर्बाद हो जायेगा। इन्होने झुठ बोला यहा का गंदा पानी को रखने के लिए तालाब बनाया जायेगा लेकिन यहां का गंदा

पानी गांव में जाता है। इस कंपनी के खुलने से गांव का जन जीवन अस्त–व्यस्त हो जायेगा। जब कंपनी खुल जायेगा तो बच्चो के कान नाक मुंह में डस्ट जायेगा बिमारी आयेगा। यह पास में सिंघनपुर गुफा है जिसमें शैलचित्र है। इस क्षेत्र के बेरोजगारो को रोजगार नहीं मिल रहा है। सिंघनपुर पर एक डाक्युमेंन्ट्री फिल्म बनाने जा रहे है जहां पे लोगो को रोजगार मिले। यहां दुर्लभ जड़ी बूटी भी है। हरियाली है लेकिन इस कंपनी के आने से यह नष्ट हो जायेगा। पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए अन्यथा हमारा शैलचित्र नेस्तनाबुत हो जायेगा।

48. गुलाब सोनी, पालीडिह, पत्थलगांव – मेरे पति की दिमागी हालत ठीक नहीं है। सहायता चाहिए। मेरे दो बच्चे है उनका पालन कैसे करू मुझे सहायता चाहिए।
49. फिरतीनबाई, बिलासपुर – निराश्रित पेंशन मिलता है। सरपंच नही सुनता है। दो महिने का एक बार मिलता हैं।
50. जमुना चौहान, भुपदेवपुर – एक साल से राशन नहीं मिलता है। स्कूल से सहायता नहीं मिलेगा। राशन कार्ड नहीं रहेगा तो सहायता कहा से मिलेगा।
51. देवला सारथी, भुपदेवपुर – हम पांच परिवारो को सात किलो चावल मिलता है सरपंच सचिव कुछ नहीं करता है। हमें इंदिरा आवास नहीं मिला है।
52. सौरभ अग्रवाल, जन चेतना, रायगढ़ – यह मानिटरिंग आपने की है या कंपनी से कराया गया है। जनता को पता चले। अगर ये कंपनी के द्वारा किया गया है तो जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। ई.आई.ए. में लिखा है कर्मचारी लोगो के लिए की कान के लिए मशीन देंगें। कंपनी डस्ट से टी.बी. बीमारी गांव को मिले और फायदे कंपनी वाले को। वाटर के लिए खाली गड्ढा बनाने के लिये लिखा है जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। ग्रीन बेल्ट की योजना दिखाने के लिए की है। एयर मशीन लगवाये और दुध का दुध और पानी का पानी हो जायेगा। न तो ग्रामसभा का प्रस्ताव पास है। क्या इन्होने 13 जनवरी को जनसुनवाई के लिये अनुमति ली है। मंत्रालय से इन्होने दोबारा परमिशन नहीं ली है। ई.आई.ए. को भी कापी–पेस्ट किया गया है। एयर मानिटरिंग कब कराना है उसका दिनांक बता दीजिए। शासन और प्रसाशन कंपनी से मिला हुआ है। कोलवाशरी को लाने में मैं विरोध करता हूॅ।
53. अखिलेश नर्सिन, – समर्थन करता हूँ।
54. विकास मिश्रा, – समर्थन करता हूँ।
55. महेन्द्र, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
56. अबिंकेश घोर – समर्थन करता हूँ।
57. अक्षय, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
58. बालकृष्ण दास, भुपदेवपुर – मुझे छोटा से काम चाहिए। कंपनी से जिससे अपने बच्चो को पढ़ा सकूं।
59. कान्हा अग्रवाल, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
60. मो. आदिल, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
61. शिव खत्री, खरसिया – समर्थन करता हूँ।
62. किसान रात्रे, खरसिया – समर्थन करता हूँ।
63. रजनीकांत तिवारी, खरसिया – कंपनी के खुलने से रोजगार मिलेगा जो हर फिल्ड के लोगो को काम मिलेगा। बच्चो का भविष्य देखें । कंपनी से क्षेत्र का विकास होगा । समर्थन करता हूँ। शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है।
64. राजा, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
65. हेमसागर, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
66. हेमप्रसाद माली, खरसिया – समर्थन करता हूँ।
67. विवके चौहान, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।

68. अवधेश पैकरा – समर्थन करता हूँ।
69. अक्षय राठिया, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
70. अश्विनी राठिया, रायगढ़ – समर्थन करता हूँ।
71. राजेश त्रिपाठी, जन चेतना मंच, रायगढ़ – 14 सितम्बर 2006 केन्द्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार आवेदन के 45 दिवस के अंदर जनसुनवाई का आयोजन राज्य सरकार के द्वारा क्रियान्वित किया जाना चाहिए। अगर किन्ही परिस्थितियों में 45 दिवस के अंदर जनसुनवाई का अयोजन नहीं होता तो केन्द्री पर्यावरण मंत्रालय का निर्देशन यह कहता है कि केन्द्र सरकार एक समिति का गठन करेगा और समिति उस जनसुनवाई को कंडक्ट करवायेगी। आज की जनसुनवाई 45 दिवस नहीं 08 से 10 महिने पहले इसका एप्लीकेशन किया गया है और इसलिये कानून अवैधानिक जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। मान्नीय पीठासीन अधिकारी महोदय यह जनसुनवाई हो रही है 13 जनवरी 2016 को 08 सितम्बर 2015 का केन्द्रीय कानुन है नया भू–अर्जन एक्ट कानुन और उसमें जो प्रावधान है उसमें किसी भी ई.आई.ए. को बनाने से पहले एस.आई.ए. का निर्माण करना पड़ेगा सोशल इम्पेक्ट असेशमेंट रिपोर्ट ई.आई.ए. बनाने वाली एजेंसी से मेरा निवेदन है कि क्या वह बता पायेंगे कि विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रभावित आस–पास के 10 कि.मी. गांव के रेडियस के अंदर के गांव है उन्होने कितने गावों का एस.आई.ए तैयार किया है एस.आई.ए. केवल बनाना नहीं है उसे ग्रामसभा में प्रस्तुत किया जाना है प्रस्तुति उपरांत अगर ग्रामसभा अनुमति देगी तब ई.आई.ए. का निर्माण संबंधित एजेंसिया कर सकती है। मैने अध्ययन किया है आज की जनसुनवाई की कोई एस.आई.ए. तैयार नहीं की गई है सोशल इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट जो आज ई.आई.ए. बनाई गई है वह अपने आप में पूर्ण रूप से अवैध हो जाती है इसलिये भी आज की जनसुनवाई इसको निरस्त किया जाना चाहिए। जो सबसे पहले प्रभावित गांव है उनका एस.आई.ए. तैयार कराना चाहिए। ग्रामसभा में उसकी प्रस्तुति कराई जानी चाहिए। अगर ग्रामसभा के 80 प्रतिशत लोग प्राईवेट कंपनी होने के नाते समर्थन करेंगे तब इनको ई.आई.ए. बनाने की अनुमति मिलती है जो प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है ई.आई.ए. बनाने वाली एजेंसी कहती है कि हमने प्रोजेक्ट के अनुसार उत्तर दिशा में अध्ययन किया है जो कि 10 कि.मी. रेडियस के अंदर आपने ई.आई.ए. में दक्षिण दिशा की ओर अध्ययन कर रहे है उत्तर दिशा की ओर आपने अध्ययन क्यों नहीं किया? कारण यह था कि सिंघनपुर, भुपदेवपुर जलाशय, बिलासपुर डेम और जो इन्होने दक्षिण दिशा की ओर जो अध्ययन किया वहा केन्द्रीय विद्यालय है जिसमें लगभग 1500 बच्चे अध्ययनरत है। और उस केन्द्रीय विद्यालय को जो अध्यक्ष होता है वो जिले का कलेटर होता है उन बच्चो के स्वास्थ्य पर विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर क्या दुषप्रभाव पड़ेगा उसका इस ई.आई.ए. रिपोर्ट में उल्लेख नहीं है। इसका मतलब होता है कि यह ई.आई.ए. अपने आप में फर्जी है ई.आई.ए. में दूसरी बात बहुत महत्वपूर्ण कही गई है कंपनी जो है इसका एक विस्तार है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक ये कंपनी जो अपने ई.आइ.ए. में बता रही है कि ग्राउण्ड वाटर पानी ले रही है और अभी भी ले रही है। सर सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक ग्राउण्ड वाटर पानी दो परपस के लिये उपयोग किया जाता है एग्रीकच्चर परपस और ड्रिंकिंग परपस और ये औद्योगिक परपस के लिये ये जो ग्राउण्ड वाटर पानी निकाल रहे है उसके आस–पास के ग्रामों में जल का स्तर क्या है और आज से पॉच साल पहले जल का स्तर क्या था? इसका कोई अध्ययन रिपोर्ट नहीं है अध्यक्ष महोदय इनके ई.आई.ए. में 10 कि.मी. की रेडियस में किसी भी प्रकार के कोई जंगली जानवर नहीं पाये जाते। और जब मैने इनका जी.पी.एफ. रिपोर्ट निकाला है 10 किलोमीटर का जो एरिया है सराईपाली, गेरवानी, देलारी है, शिवपुरी, भुईकुर्री, जमडबरी, पाली और टी. आर.एन. कंपनी टेण्डा नवापारा है जो 10 कि.मी. रेडियस के अन्दर हैं। अगर इस क्षेत्र में

जंगली जानवर नहीं पाये जाते तो टी.आर.एन. कंपनी के अंदर जो चाइना का इंजिनियर मारा गया हाथी के कुचलने से वो हाथी आखिर कहा से आया। ये बात ये नहीं बता रहे है जिवरी में 8 सितम्बर 2015 को गांव के लोगो ने वन विभाग के लोगो ने चिता देखा रायगढ़ जिले के डी.एफ.ओ. ये बोल रहे है कि वहा चिता पाया गया चिते के पाव के चिन्ह मिले इनके ई.आई.ए. के अंदर किसी भी प्रकार का कोई जंगली जानवर नहीं पाया जाता। राबो गांव में 26 ऐसे लोग है जिनके ऊपर उड़न गिलहरी मारने का अपराध पंजीबद्ध है घरघोड़ा के थाने में और घरघोड़ा न्यायालय के अंदर 26 आदिवासीयों के ऊपर केश चल रहे है ये प्रमाणित है। पर इनके ई.आई.ए. में उड़नगिलहरी नाम का कोई पंक्षी नहीं है। अध्यक्ष महोदय जो यह भूपदेवपुर है जहा पूरे ये रायगढ़ के लोगो का पर्यटन का एक जगह है और इस पर्यटन में केवल रायगढ़ के नहीं छत्तीसगढ़ के अलग–अलग जगह के लोग होते है जो इनके ई.आई.ए. के अंदर भूपदेवपुर आज भी नहीं है, ये आप देख सकते है। भूपदेवपुर नहीं आता, सिंघनपुर नहीं आता, बिलासपुर डेम नहीं आता है। तो आखिर ई.आई.ए. में अध्ययन किस बात का किया गया। एयर पालुसन के डाटा है और जो केन्द्रीय पालुसन बोर्ड रायगढ़ जिले के जून महीने के यहा जो एयर पालुसन का अध्ययन जो किया है इनके पालुसन डाटा से रायगढ़ जिले के लगभग 11 गुना ज्यादा पालुसन की मात्रा केन्द्रीय पालुसन बोर्ड की रिपोर्ट में अंकित है। 1156 है और इनके वाले में लगभग 250 है तो लगभग 6 से 7 गुना ज्यादा अलग–अलग मात्र के जो हैवी वेट मटेरियल एयर पालुसन के अंदर है वो शायद इनके ई.आई.ए. के अंदर ये चीज नहीं है। सर अभी मैने ताजा अध्ययन अलग–अलग जगहो में करवाया है कि ये पालुसन से किस तरिके की बीमारिया हो रही है। इस क्षेत्र में 33 प्रतिशत लोगो को टी.बी. सिलिकोसिस जैसी पुरे क्षेत्र में गंभीर बीमारिया है शायद इनके ई.आई.ए. में वो चीजे नहीं है और ये हमने समाचार पत्रो के माध्यम से प्रशासन से शिकायत किया तो प्रशासन ने कहा कि सिकोसिल्स की बीमारी नहीं है। 8 महिने के रात दिन की मेहनत से 10 जनवरी से अपने नीदरलैण्ड का एक डॉक्टर, 2 डॉक्टर बाम्बे हास्पिटल से और 2 डॉक्टर दिल्ली के हास्पिटल से एक गांव में हमने कैंप लगवाया उसमें 58 लोगो का अध्ययन जो हमने करवाया उस रिपोट के मुताबिक जो 9 लोग मर चुके है तो अध्यक्ष महोदय इस क्षेत्र में जो सिकोसिल्स की मात्रा है चिराईपानी जो ओ. सी.एल. माईन्स है इस क्षेत्र में अभी तक सिकोसिल्स के 26 मरीज मर चुके है और वो चीजे प्रमाणित नहीं हो पायी है। हमने एक गांव में कैम्प लगाया, हमने समाचार पत्रों के माध्यम से सरकार को बताया और हम सरकार से ये निवेदन करते है कि चिराईपानी जो मांईस है जो सर्किट हाउस रायगढ़ के आस–पास के माइन्स है उन क्षेत्रों में काम करने वाले लेबर है अगर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये तो लगभग 40 प्रतिशत लोगो को सिलिकोसिस के मरीज है जो ई.आई.ए. रिपोर्ट में नहीं आया नहीं आया। और आपको मालुम है कि जो सिकोसिल्स जो टी.बी. जैसे बीमारिया है ये पालुसन की वजह से होती है, जो लोग खदानों में काम करते है जो लोग कोयला के खदानों में काम करते है, जो लोग क्रशर की मशीनों में काम करते है, जो लोग कोल वाशरी में काम करते है इनके स्वास्थ्य परीक्षण का क्या प्रावधान है। अगर आपने इस पूरे क्षेत्र में अध्ययन करवाया है तो 10 किलोमीटर की रेडियस के अंदर तो हमारा यह दावा है कि 10 किलोमीटर के अंदर 35–40 प्राइमरी और मिडिल स्कूले है आप अगर ई.आई.ए. सही बनाये है तो आपने कितने स्कूलों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। इस रिपोर्ट में कहा है किस पेज में अंकित है। हम करीब 15 दिन से आपकी ई.आई.ए. पड़ रहे है कि इस ई.आई.ए. में कही भी यह नहीं लिखा गया है कि बच्चों में जो इस क्षेत्र की स्कूले है वहा कि प्राइमरी स्कूलों के, मिडिल स्कूलों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करवाया गया। और आपको बता दूं कि इस क्षेत्र में लगभग 10 से 15 प्रतिशत ऐसे बच्चे है जो

दमा, टी.बी., इस्नोफिलिया और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियो से लोग प्रताड़ित है अगर इस ई.आई.ए. रिपोर्ट के अंदर अध्ययन रिपोर्ट क्यों नहीं आयी। अध्यक्ष महोदय ये ट्रांसपोटिंग का काम चलेगा और इनका कहना है कि एस.ई.सी.एल. धरमजयगढ़, लात से छाल से, बरोद से, जामपाली से कोयला आयेगा तो ये कोयला रोड़ के माध्यम से ट्रांसपोटिंग होगा तो केवल कोल वाशरी से पालुसन की बात है यह नहीं है। एक 20 चक्के का ढाई महिने में 20 टायर उतर जाते है और जो रबड़ की घिसाई होती है उससे जो कैसंर की बीमारी होती है। 2015 में मेरी जानकारी में रायगढ़ में करीब ऐसी 25 महिलाये है जिनको डस्ट कैसर हुआ है और इस तरह के जो गर्भासय के कैसर के मरिज जो मील रहे है उसके अध्ययन रिपोर्ट की जानकारी इस ई.आई.ए. के अंदर नहीं है ई.आई.ए. बोलता है कि इस क्षेत्र में अगर कंपनी आयेगी तो लोगो का विकास होगा अरे आप पहले ये बता दीजिये जो आपने 5 साल से कंपनी चलाया है उससे कितने लोगो का विकास हुआ है, जो आपको पहली पर्यावरणीय स्वीकृति मिला है जिस कंडिसन में मिली है उस कंडिसन का आपने कितना पालन किया है। आपने कहा कि 5000 ली. पानी का छिड़काव करेंगें। 5000 लीटर पानी कितना होता है इसका मतलब 2 टैंकर तो आप एक टैंकर सुबह छिड़काव कर देंगे और एक टैंकर शाम को करेंगे आखिर वह पानी कहां से आयेगा। आप ने कहा वृक्षारोपण करेंगे। जब आपको पहली पर्यावरण स्वीकृति मिली है सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक आपको अपनी जमीन का 33 प्रतिशत हिस्से में वृक्षारोपण करना था आपने कितना वृक्ष लगाया है वो पर्यावरण अधिकारी बता सकते है जो जॉच करे है, एक हमारे हाथ में जॉच रिपोट आई कि पर्यावरण विभाग बोलता है कि 1000 पेड़ लगाये है मै भी वहा अध्ययन कर आया वहां 500 पेड़ नहीं है, हजार की बात कौन करे कंपनी दावा करे ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाने वाले लोग दावा करे चले गिनती करके आते है हमारे पास लोग है आप बोलिये हम एक घंटे के अंदर गिनती करके रिपोर्ट लाते है आपने कितने लोगो के स्वास्थ्य का चिंता किया। और जिस तरीके से पूरे रायगढ़ जिले को छत्तीसगढ़ राज्य के अंदर आपने नर्क बनाया इन्कम आमदनी के लिये उससे लोगो को हासिल क्या हुआ कितने लोगो को आपके यहा नौकरी मिलेगी और कितने लोगो को दिया यहा जो बैठे है उनकी उम्र 25 से 35 साल के नवजवान लोग है अभी मै लाईन में लगा था मेरे कुछ साथी बोल रहे थे कि हम तो जायेंगे जनसुनवाई में बात करेंगे कि मुझे कंपनी से निकाल दिया गया मुझे नौकरी दे दी जाये कुछ लोग कह रहे है कि हम तो मांग करेंगे कि साहब हमको नौकरी दिलवा दीजिए अरे रायगढ़ जिले में जिंदल जैसी कंपनी उखड़ने की स्थिति में आ गयी आपको बता दूं जिंदल जैसी कंपनी बिकने की स्थिति में आ गयी जिंदल जैसी कंपनी की औकात सड़को पर आ गयी तो विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर की कंपनी कितनी बड़ी होगी कितने लोगो को नौकरी देगी वो तो लोग 300 से 400 लोगो को नौकरी से निकाल रहे है हम ये भी बता रहे है लोगो को यही जो नवजवान साथी है जिस दिन बोलोगे कि कंपनी बंद करते है कंपनी निकालते है तो इस रायगढ़ में वो आंदोलन होगा पहले आप कंपनी बाद में बंद करेंगे ये जमीन खाली करो और दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक पायेगी। जिस तरीके से लोगो के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है जब तक कंपनिया रायगढ़ की 300 रूपये टन में कोयले के रात दिन चोरी कर रही तो उनकी छाती 56 इंच की थी और जिस दिन से हम जैसे सामाजिक संगठन सुप्रीम कोर्ट में गये और 214 कोल ब्लाक रद्द हुये तो सब कम्पनी सड़क में क्यों आ गई इसका मतलब रायगढ़ जिले के अंदर जितनी कंपनिया आज तक चल रही थी वो कोयले की चोरी, कोयले की हेराफेरी से चल रही थी। केवल सरकार ने कोयला बंद किया बाकी चीजे आपके पास वही है तो फिर आप घाटे में कैसे चले गये कल के गवर्नन ने भारत सरकार के रघुनाथ राजन जी ने कहा कि इस देश के 15

प्रतिशत उद्योगपति एक अरब पैतीस करोड़ लोगो का जो बैंको में पैसा जमा करते है उससे ये अपने अइयासी और जिंदगी को जीते है ये बड़े उद्योगपति एक किसान 5000 का लोन लेता है बैंक का आदमी उसके दरवाजे में खड़ा रहता है शर्म नहीं आती और इन उद्योगपतियों के पास 13 हजार करोड़ रूपये का कर्जा है एक–एक कंपनी के ऊपर कर्जा है आज तक के हिन्दुस्तान के अंदर किसी भी सरकार ने ये नहीं कहा कि इस देश की गरीब जनता का पैसा हड़पा उस पैसा को वापस करों। ऐसे उद्योगपति को जो देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते है जो देश के आर्थिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते है ऐसे उद्योगपतियों का क्या होगा अध्यक्ष महोदय आज की जो ये कंपनी की जनसुनवाई हो रही है ये कोयला चोरी के इतिहास में एक नया जुड़ाव हो रहा है जिससे रायगढ़ जिले का कोयला चोरी होगा और मै औने–पौने दामो में बेचने का एक संग्रहण केन्द्र होगा और इस दुकान में भी हेरा–फेरी सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर केन्द्र होते है ये कोल वाशरिया है जो हेरा–फेरी करती है वही काम की एक शुरूवात है और इन कामो में मुझे कहने में शर्म नहीं लगती इस देश के बड़े राजनीतिक नेताओं की जो ब्लैक मनी है इन कंपनियों में लगी है आप बोलिये कम से कम 100 राजनीतिको का रायगढ़ में जिनेक काले धन लगे हुये है उनके हम नाम ले लेते है उनके अंदर ताकत है तो हम पर मानहानि का दावा करे। आगे ये देखीये की आज हमारे पुलिस के नौजवान साथी ये कंपनी इतना बड़ा टेंट लगवा सकती है गाड़ी लगवा सकती है इतने लोगो को ला सकती है आप लोगो के माध्यम से मैं ये निवेदन करना चाहता हूॅ कि पुलिस के जो नौ जवान साथी है अगर चार दिनों से हमारे और आपकी सुरक्षा कर रहे है कंपनियों का उनके पद के हिसाब से जो मानदेय बनता है वो उनके खाता में चला जाना चाहिए। और अगर खाते में नहीं जाता तो पुलिस वेलफेयर में जाना चाहिए। अगर हमारे जिले का कोई नौजवान किसी घटना और दुर्घटना में कुछ होता है तो पुलिस वेलफेयर से कम से कम उस परिवार को 8 से 10 लाख रूपया उस जवान को मिलना चाहिए उसके परिवार को मिलना चाहिए। आखिर कंपनिया हमको क्या देती है कंपनी बीमारी के अलावा विगत 15 सालो से हमको कुछ नहीं दिया रायगढ़ जिले के प्राकृतिक संसाधन हमारे खेती को आपने बर्बाद कर दिया हमारे पशुधन को आपने बर्बाद कर दिया पुरे उपज को बर्बाद कर दिया। और उसके बदले रायगढ़ जिले के अंदर 15000 ऐसे किसान है जो 5 एकड़ 10 एकड़ के किसान हुआ करते थे आज वो 15000 परिवार भूमिहिन हो गये है इन कंपनियों की वजह से उनमें से जो 90 प्रतिशत भूमिहिन हुए है वो जो बिचारे आदिवासी है जो केवल खेती करना जानते है खेती के अलावा और कुछ नहीं जानता उसके बाद भी अगर आपके यहा नौकरी लेने जाता है तो आपकी कंपनी गेट खोलने और बंद करने का भी इंटरव्यू होते है किन्तु गेट कैसे बंद करोगे तुम गेट को खोलोगे कैसे गमले में पानी डालने के लिये यहा इन्टरव्यु होता है यह 15 सालो में मैने देखा अरे मै ये कहता हूॅ कि लगभग 90 प्रतिशत को काम करने के लिए किसी भी आदमी को स्कूल जाने की जरूरत नहीं है। मै उदाहरण के लिये आपके सामने खड़ा हूॅ मैने कोई साईंस से इंजिनियरिंग नहीं किया अगर आप बोलिये तो चार दिन तक कन्टीन्यू ई.आई.ए. के एक–एक पन्ने को मै उधेड़ सकता हूॅ तो अध्यक्ष महोदय मै ये कहना चाहता हूॅ अगर पूरी प्रक्रिया को देखे और इस ई.आई.ए. के पूरे अध्ययन को देखे पर्यावरण के लिये देखे चाहे ध्वनि प्रदूषण का देखे, चाहे न्वाइस पालुसन का देखे चाहे जल प्रदूषण की बात देखे अगर पूरे तथ्यों का हम लोग यहा अवलोकन करे तो ये ई. आई.ए. पूरी फाल्स है और इसके जनसुनवाई में इनको किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए और अगर केन्द्रीय पर्यावरण जलवायु परिवर्तन इस कंपनी को अनुमति प्रदान करेगा तो अन्य कंपनियों की तरह इस कंपनियों को भी हम एन.जी.टी. के दरवाजे में खड़ा कर देंगे। जिसकी जिम्मेदारी और कंपनी प्रबंधन की होगी। क्योंकि आपने एस.

आई.ए. तैयार नहीं किया 8 सितम्बर 2015 का कानून का आप अध्ययन करिये उनमें क्या–क्या चीजे लिखी है और उसमे साफ–साफ शब्दों का लिखा है जब तक आपकी एस.आई.ए. नहीं बनेगी तब तक आप किसी भी किमत में ई.आई.ए. का निर्माण नहीं कर सकते। और जनसुनवाई प्रायोजित नहीं हो सकती और सर सबसे बड़ी बात यह है कि ये टर्म ऑफ रिफरेंस है उसका भी मैने अध्ययन किया है टर्म्स ऑफ रिफरेंस में जो कंपनियों ने दावा किया है वह पूरी फाल्स टर्म्स ऑफ रिफरेन्स सेन्ट्रल गवर्नमेंट को भेजी गई है जिसके आधार पर इनकी ई.आई.ए. सबमिशन की गई है टर्म्स ऑफ रिफरेन्स में जो पुरानी चीजे है उनका पालन भी आज तक नहीं किया गया है और अगर पालन नहीं किया गया तो टर्म्स ऑफ रिफरेन्स सही कैसे हो गया जब इन्होने कहा की 2 साल तक 1 साल में अलग–अलग सेंटर में एयर पालुसन का जॉच किया आप ये बता दीजिए कि एयर पालुसन का जो इस्टुमेंट था वह किस गांव में किसके घर में लगा था आधे घंटे के अंदर मै रिपोर्ट मंगा देता हूँ इन्होने किसी भी प्रकार का एयर पालुसन अध्ययन किया ही नहीं बल्की ये जो पूरी ई.आई.ए. है आस–पास की जो कंपनिया है इनकी पुरानी ई.आई.ए. है उस ई.आई.ए. की कट एण्ड पेस्ट रिपोर्ट है और मै इस लिये बोल रहा हूँ कि जो साहब ई.आई.ए. बनाये है उनको मै 10 से 15 सालो से जानता हूँ रायगढ़ जिले की जितनी भी कंपनी की ई.आई.ए. बनती है वो साहब ही बनाते है और मेरे और उनके बहुत अच्छे रिस्ते है हमारे संबंध कही फैक्ट से नहीं खराब है बल्कि हमारे संबंध सिद्धांत और नीतियो पर अटके है कि सर लोगो के लिए आप विकास करते है तो लोगो की जिंदगी से खिलवाड़ करके विकास मत कीजिए नही तो ये विकास आपका धरा का धरा रह जायेगा। तो अध्यक्ष महोदय इस सभी चीजो का एक विधिवत अध्ययन और विश्लेषण किया जाना चाहिए उससे पहले जिला प्रशासन के अंदर हमारी बात भी हुई थी की एस.आई.ए. की ट्रेनिंग होनी चाहिए कि एस.आइ.ए. कैसी बनाई जाये और इ समंच के माध्यम से मे आपको बताना चाहुंगा सर रायगढ़ जिले के जो लोग भी एस.आई.ए. का प्रशिक्षण करवाना चाहेंगे जो मैने सीखा है उस एस.आई.ए. का बेहतर से बेहतर मै कोशीस करूंगा की दो दिन के अंदर, तीन दिन के अंदर एक एसा प्रशिक्षण हो जिससे रायगढ़ जिले के प्रत्येक आदमी को एस.आई.ए. बनाने की तकनीक है उसकी रणनीति है वो बेहतर तरीके से बने।

72. इतवारिन राठिया, बिलासपुर – हमर लोग लाईका मन पड लिखा नहीं है। मेरे पति को लकवा है। काम चाहिए। बच्चे काम करके पालते करते है।
73. सेतमति, दर्रीडिपापारा – सात किलो चावल देते है।
74. सेवकराम चौहान, कुसवाबहरी – 4 साल से सुपरवाईजर कार्य कर रहा हूँ। डेढ़ साल हो गया निकाल दिया गया है। बिना किसी कारण से काम देगें देगें बोल रहे है। अभी तक नहीं दिये है। मुझे मेरा पद वापस दें।
75. मो. वाजिद, रायगढ़ – समर्थन है।
76. कपील सोलंकी, रायगढ़ – समर्थन है।
77. आकाश, रायगढ़ – समर्थन है।
78. जफर मलिक, रायगढ़ – समर्थन है।
79. राहत, रायगढ़ – समर्थन है।
80. प्रदीप कुमार, किरितमाल – समर्थन है।
81. सुरज थवाईत, रायगढ – समर्थन है।
82. अभिषेक पाण्डेय, – समर्थन है।
83. योगश कुमार पाण्डे, रायगढ़ – इस तरह के विमला साईडिंग प्रकृति को तबाह कर रहे है, इस प्रकृति से हमारा जीवन चल रहा है, जो प्रकृति के ऊपर आश्रित है जमीन के ऊपर आश्रित है हवा के उपर आश्रित है उसे बर्बाद कर है उनका पूर्ण विरोध है जो

नकली विकास के नाम पर हमारें जीवन छिन रहै जीवन को सुरक्षित रखने के लिए मैं इस कंपनी का विरोध करता हू। किसी भी सत्ता ताकत के बल पर यह कंपनी नही खड़े कर सकते। मैं इस कंपनी का पुरजोर विरोध करता हूँ।

84. प्रेम कुमार, रायगढ़ – इस क्षेत्र में उद्योग लगाना अहितकर है। बिमला साईडिंग का मैं विरोध करता हूँ।
85. जेठु पैंकरा, रायगढ़ – समर्थन है।
86. कैलाश माली, रायगढ़ – समर्थन है।
87. सविता रथ, जन चेतना मंच, रायगढ़ – पीठासीन अधिकारी साहब आपको मै यह बता दू कि यह जो जनसुनवाई वास्तव में ग्राम सभा से कोई अनुमति नहीं मिली है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जितनी भी महिला आई थी सब ने कोई पेंशन का , कोई राशन का मुद्दा, कोई इंदिरा आवास का मुद्दा, कोई आंगन बाड़ी का मुद्दा यह इस तरीके से गांव में बरगला के बताया गया है कि साहब वहा कलेक्टर साहब बैठेंगे वहा अपकी जरूरते पूरी हो जायेंगी। अगर वास्तव इस जनसुनवाई का पर्यावरणीय जनसुनवाई है मुद्दे पे आपको बोलना है तो व्यापक पैमाने में प्रचार–प्रशार विमला इन्फ्रास्ट्रक्चर के द्वारा किया गया होता तो शायद यहा आज बराबरी के तहत लोग अपनी बात रख सकते चूंकि यहा लोगो को जानकारी नहीं है, बिल्कुल भी जानकारी नहीं है इसी बात का आप स्वयं अवलोकन कर के देखिये यहा जितनी भी महिलाए आयी है उनको इस पर्यावरणीय जनसुनवाई से सीधे तौर पे कोई लेना देना नहीं है कोई यह नहीं बता पा रहा है कि इसके लग जाने से उनको क्या फायदा और इनके नहीं लगने से क्या घाटा, उनके बच्चों को क्या घाटा क्या फायदा सबसे बड़ा मुद्दा यही था कि एक तो यहा इनका व्यापक पैमाने में किसी भी किस्म का कोई प्रचार–प्रसार नहीं किया गया है। इसकी लोगों को जानकारी नहीं है और ग्रामसभा का इनके पास कोई अनुमति नहीं है। अगर इनको ग्रामसभा से अनुमति मिली होती तो शायद मैं आपको बता दूॅ तो लोग यहा अपनी बात कर पाते। मै यहा पर एक और बात बहुत महत्वपूर्ण तरीके से बोल रही हूॅ कि यह पूरा क्षेत्र जहा पे ये जनसुनवाई कराया जा रहा है यह पूरा पर्यावरणीय संरचना का एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में माना जाता है। जिसको हम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैल चित्रों की बात की जाती है यहा रामझरना और कई छोटे–बड़े प्राकृतिक झरनों स्थान है और यहा एक बड़ी झील है जो पर्यटको को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी पहचान दिलाता है जिसका इनके ई.आई.ए. को पढेंगे तो इन्होने इसको है बोलके नहीं लिखा है साफ नकार दिया है पूरी तरह झूठ का पुलंदा इस ई.आई. में हमे तो बात रखने में भी अड़चन हो रही है कि कौन सा बात रखे और कौन सा बात छोड़े मुझे हैरानी होती है कि इस तरीके की ई.आई.ए. कैसे बना सकते है। अगर इनके द्वारा कोई सामाजिक अध्ययन किया गया होता ई..आई.ए. बनाने से पहले महिलाओं के मुद्दे आये होते, बच्चों के मुद्दे आये होते पर्यावरणीय जो इनका संरचना है कहा पे यहा झरने है कहा का ये पानी पीते है कहा से वनोपज संग्रह करते है कौन से यहा जानवर पाये जाते है इन तमाम मुद्दो पे आपको यहा स्पष्ट मत रखते दिखते चूंकि यह न तो स्पष्ट रूप से ग्रामसभा में अनुमति मिला हुआ है और न ही लोग यहा बात रख जहा आधी दुनिया महिलाओं की है और महिलाये अपना यहा हिस्सा नहीं रख पाती तो इस जनसुनवाई का यहा स्वमेव निरस्त हो जाना चाहिए। और इनको मौका देना चाहिए कि यह जनसुनवाई में किस मुद्दे में क्या खो रही है, क्या खोयेंगे और क्या पायेंगे। इस बात का अगर स्पष्ट आकलन आप नहीं कर पा रहे है तो इस जनसुनवाई को महिलाओं की भागीदारी को आप शून्य घोषित कीजिए। इस जनसुनवाई में महिलाओं को जानकारी नहीं था और लोग अपनी बात नहीं रख पाये थे जिसके कारण हम इस जनसुनवाई को पूरी तरह से निरस्त करते है इस तरह से आपको सुझाव करना चाहिए मेरा यह सुझाव

